# सी.एस.एन. पी.जी. कॉलेज़, हरदोई

## प्रवेश विवरणिका

## सत्र 2023–24

**website- www.csnhardoi.in**

**Email- csnpgcollegehardoi@gmail.com**










सम्पर्क–सूत्र 05852-220042

प्राचार्य महोदय–मो0 नं0 9415195598 प्रवेश संयोजक मो0 नं0 9450286875

(फोन करने का समय प्रातः 9:00 से सायं 6:00 बजे तक)

अभ्यर्थी को आवेदन करने से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर LURN प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# महाविद्यालय परिसर










अभ्यर्थी को आवेदन करने से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर LURN प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# स्नातक एवं परास्नातक का प्रवेश कार्यक्रम

# Programme of U.G. & P.G. Admission

## Session: 2023-24

| | |
|---|---|
| **Starting of Application form (UG &PG)** | **28-04-2023** |
| **Closing Date of Application form** | **31-05-2023** |
| **Entrance Test Date** | **Last Week of June 2023** |
| **Declaration of Result** | **First Week of July 2023** |
| **Counselling Phase I** | **12-07-2023** |
| **Counselling Phase II** | **18-07-2023** |

# Registration Fee Rs. 100

# Entrance Test Fee Rs.300

अभ्यर्थी को आवेदन करने से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर LURN प्राप्त करना अनिवार्य होगा।



Scanned with CamScanner

**महाविद्यालय के संस्थापक स्व0 बाबू मोहन लाल वर्मा**

**जन्म 12 अक्टूबर 1912, परिनिर्वाण 09 जनवरी 1979**

# प्राधिकृत नियंत्रक महोदय



**मंगला प्रसाद सिंह** आई.ए.एस.
जिलाधिकारी

अ.शा.प.सं. :
**जिलाधिकारी**
हरदोई (उ०प्र०)
: 05852-234537 (O)
: 05852-234680 (R)
फैक्स : 05852-234868
ई–मेल : dmhar@nic.in

## सन्देश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि सी.एस.एन. पी.जी. कालेज, हरदोई सत्र 2023–24 हेतु प्रवेश विवरणिका को ऑन–लाइन प्रकाशित कर रहा है।

प्रवेश विवरणिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन तथा महाविद्यालय की सफल उपलब्धियॉ विद्यार्थियों के लिये प्रेरक होगी। प्रवेश विवरणिका विद्यार्थियों को अपनी रूचि, योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने में मदद करेगी साथ ही उनकी प्रवेश सम्बन्धी कठिनाईयों का निवारण करेगी।

मैं प्रवेश विवरणिका के सफल प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया में लगे समस्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा महाविद्यालय के प्राचार्य को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कर रहा हूँ।

जिलाधिकारी, हरदोई।

# प्रभारी अधिकारी महोदय




प्रशान्त तिवारी
(पी.सी.एस.)
नगर मजिस्ट्रेट, हरदोई।

(कार्यालय) 05852–233704
(मोबाइल) 9454416598
ई–मेल citymagistratehardoi@gmail.com


दिनांक : 21/04/2023

## शुभकामना सन्देश

हर्ष का विषय है कि केन सोसायटीज़ नेहरू महाविद्यालय, हरदोई नवीन सत्र 2023–24 के लिये अपनी ऑन–लाइन प्रवेश विवरणिका प्रकाशित करने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि महाविद्यालय की विवरणिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन करने एवं उन्हें उनके जीवन में आने वाली समस्याओं से परिचित कराकर, भविष्य निर्माण हेतु उचित पाठ्यक्रम चयन में मदद करेगी।

मैं महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु अपनी शुभकामना प्रेषित करता हूँ

नगर मजिस्ट्रेट हरदोई



# प्राचार्य की कलम से .........



आदिमानव संस्कृति से मानव संस्कृति के निर्माण, परिवर्तन, विकास में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। उच्च शिक्षा के माध्यम से मानव साहित्यिक, तकनीकी, वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपना कर जैव–जगत की सेवा के साथ विकास पथ पर अग्रसर है। किसी भी देश के सर्वांगीण विकास में उच्च शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। मनुष्य का ज्ञान सबसे बड़ा संसाधन है। ज्ञानरूपी संसाधन के माध्यम से प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का समुचित उपयोग कर राष्ट्र के सशक्त निर्माण में योगदान देना विद्यार्थियों का परम कर्तव्य है । प्राचीन काल में भारत में तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला उच्च शिक्षा के प्रमख केन्द्र थे। आजादी के बाद भारत ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, डीम्ड विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों की स्थापना को प्रमुखता दी है। इसी क्रम में 10 अक्टूबर, 1965 को केन सोसायटीज़ नेहरू महाविद्यालय, हरदोई की स्थापना होती है।

विगत 59 वर्षो से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफल गाथा लिखते हुये महाविद्यालय धर्म, जाति, भाषा, वर्ग, लिंग से परे जनपद के सभी अंचलों से आने वाले छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षणेतर कार्यकलापों, एन.सी.सी., एन.एस.एस, रोवर्स/रेन्जर्स, खेल प्रतियोगिता, वैचारिक संगोष्ठी के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व, प्रेम बन्धुता, राष्ट्रप्रेम की भावना को अनवरत बढ़ा रहा है। महाविद्यालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के निर्देशानुसार शिक्षा को अधिक व्यवहारिक, सम्पूर्णता, एकीकरण, खोजपरक, अधिगम–अभिकेन्द्रित, परिचर्चा आधारित एवं आनन्दमय बनाने के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) को पूर्णता लागू किया है। नई शिक्षा नीति संकाय/विभाग के जटिल बन्धनों को तोड़कर विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की शिक्षा एक साथ लेने के लिये मुक्त वातावरण प्रदान करती है। साथ ही लोगों को शिक्षा पूर्ण करने के लिये अवसर प्रदान करती है।

अपने स्थापना काल से लेकर आज तक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम गाथा लिखते हुये महाविद्यालय एक बार फिर नये सत्र में विद्यार्थियों का स्वागत करने के लिये तैयार है। प्रवेश प्रक्रिया, विषय आवंटन की शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिये महाविद्यालय दूसरी बार प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी लोग सहयोग करेंगे।

मैं सभी भावी विद्यार्थियों को विश्वास दिलाता हूँ कि विगत् वर्षो की भॉति हम सर्वोत्तम शिक्षण के लिये प्रतिबद्ध हैं। यह सब आप लोगों के सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। 59 वर्ष पुराने इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय के प्राचार्य के तौर पर महाविद्यालय में आपके प्रवेश लेने के निर्णय का मैं हृदय से स्वागत करता हूँ और मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।

प्रोफेसर कौशलेन्द्र कुमार सिंह

# महाविद्यालय का परिचय

केन सोसायटीज़ नेहरू महाविद्यालय, हरदोई जनपद में कला संकाय का प्रतिष्ठित परास्नातक महाविद्यालय है। इसकी स्थापना स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी **स्व0 मोहन लाल वर्मा जी** के सतत् प्रयासों से **10 अक्टूबर 1965** में की गई थी। महाविद्यालय की स्थापना में जिले की दो गन्ना समितियों **केन ग्रोवर्स को–ऑपरेटिव सोसाइटी लि0 एवं को–ऑपरेटिव केन डेवलपमेण्ट यूनियन लिमिटेड** का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्थापना के प्रारम्भिक वर्षों, में महाविद्यालय जिला चिकित्सालय के सम्मुख दो मंजिला भवन में शिक्षण कार्य करते हुए, तत्कालीन प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं प्राचार्य के भगीरथ प्रयास से 1972 में महाविद्यालय लखनऊ चुंगी के निकट 11.778 एकड़ के दीर्घ परिसर में नव निर्मित भवन में स्थानान्तरित हुआ। 14 फरवरी 1978 से यह संस्था प्राधिकृत नियंत्रक के रूप में जिलाधिकारी हरदोई के संरक्षण में क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने में अनवरत् प्रयासरत् है।

महाविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य धर्म, जाति, वर्ग, भाषा एवं लिंग से परे जनपद के सभी अंचलो से आने वाले छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास हेतु अनुकूल वातावरण के सृजन के लिए शिक्षणेत्र कार्यकलापों, एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्स/रेंजर्स, खेल प्रतियोगिता वैचारिक संगोष्ठी के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व, प्रेम, बंधुता, राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना है।

वर्तमान समय में महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 को लागू करते हुए स्नातक के विषयों (हिन्दी साहित्य, हिन्दी भाषा, अंग्रेजी साहित्य, अंग्रेजी भाषा, संस्कृत, समाजशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान) एवं परास्नातक के 6 विषयों (हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र) में शिक्षण कार्य, नियमित रूप से संचालित हो रहा है। हरदोई जनपद में शोध कार्य के लिए केन सोसायटीज़ नेहरू महाविद्यालय, एक मात्र संस्था है जो 6 विषयों (हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र) में शोध कार्य करने का निरन्तर अवसर प्रदान कर रहा है।

**वर्तमान सत्र 2023–24 में महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत बी.काम. एवं बी.बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारम्भ हो रहे हैं।**

# महाविद्यालय की उपलब्धियॉं

महाविद्यालय अपने स्थापना वर्ष से लेकर आज तक शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थी, सिविल सेवा, उच्च शिक्षा, माध्यमिक, प्राथमिक शिक्षा, सेवा, पुलिस सेवा, राजस्व सेवा, समाजसेवा व राजनीति आदि क्षेत्रों में अपना प्रमुख योगदान दे रहे हैं। अभी हाल के वर्षों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की नेट/जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय अपने गैर शैक्षणिक कार्यक्रम एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्स–रेंजर्स, खेल प्रतियोगिता के माध्यम से सामाजिक समरसता, प्रेम, बंधुत्व, पर्यावरण संरक्षण , साफ–सफाई, जनजागरूकता को बढ़ावा दे रहा है।

❖ **महाविद्यालय के दिसम्बर, 2022 की नेट/जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्रायें**

| Name | Subject |
|---|---|
| 01. Neelu Gupta | Hindi |
| 02. Mithilesh Kumar | Hindi |
| 03. Anjali Sharma | Hindi |
| 04. Vipin Rathaur | Geography |
| 05. Anuj rathuar | Geography |
| 06. Yogesh Kumar | Geography |
| 07. Harsh Gupta | Geography |
| 08. Anurag Verma | Geography |
| 09. Tabssum Parveen | Geography |
| 10. Hardeep Kumar | Political Science |

- ❖ महाविद्यालय के छात्र/छात्रा प्रतिवर्ष शिक्षा पूर्ण कर बडी संख्या में विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।
- ❖ अब तक महाविद्यालय से 2 लाख से अधिक छात्र/छात्राएं उच्चशिक्षा प्राप्त कर चुके हैं।
- ❖ महाविद्यालय हरदोई जिले का एकमात्र *NAAC* मूल्यांकित कॉलेज है।

## ❖ मुख्यमन्त्री/अभ्युदय कोचिंग योजना :–

❖ **सिविल सेवा, राज्य लोक सेवा आयोग, बैंकिंग/NDA/CDS, आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले, छात्र/छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है।**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020

शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, सम्पूर्णता, एकीकरण, खोज परक, अधिगम अभिकेन्द्रित विषय, परिचर्चा आधारित, लचीलापन, एवं आनन्दमय बनाने का प्रयास किया गया है। नई शिक्षा नीति (2020) ज्ञान के साथ–साथ, कौशल विकास, रोजगार परक एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक प्रयासरत् है। नई शिक्षा नीति संकाय/विभाग के जटिल बंधन रूपी दीवार में बंधने के बजाय विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की शिक्षा एक साथ लेने के लिए आजाद माहौल प्रदान करती है। साथ ही लोगों को शिक्षा पूर्ण करने के लिए अवसर प्रदान करती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति लागू है। स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर सेमेस्टर के साथ (CBCS) प्रणाली क्रियान्वित है। नई शिक्षा नीति (2020) में स्नातक कार्यक्रम को सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री, अनुसंधान स्नातक के चरण शामिल करते हुए 4 वर्षीय पाठ्यक्रम बनाया गया है। स्नातक कार्यक्रम को कुल 8 सेमेस्टर में संचालित किया जा रहा है।

**स्नातक :–**

प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को दो विषय को **मेजर–1, मेजर–2** के रूप में चुनना होगा, एक विषय को **माइनर** के रूप में लेना होगा। **मेजर–1, एवं मेजर–2** में दो–दो प्रश्न पत्र होंगे एवं **माइनर** का एक प्रश्न पत्र होगा।

# स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर संचालित पाठ्यक्रम

| बी.ए. | बी.काम (स्ववित्तपोषित) | बी.बी.ए. (स्ववित्तपोषित) | एम.ए. |
|---|---|---|---|
| स्वीकृत सीट 660 | स्वीकृत सीट 180 | स्वीकृत सीट 60 | स्वीकृत सीट 400 |
| हिन्दी साहित्य | सभी विषय | सभी विषय | हिन्दी साहित्य–60 |
| प्रयोजनमूलक हिन्दी | | | भूगोल–40 |
| English Literature | | | राजनीति विज्ञान–120 |
| Functional English | | | अर्थशास्त्र–60 |
| भूगोल | | | समाजशास्त्र–60 |
| राजनीति विज्ञान | | | संस्कृत–60 |
| अर्थशास्त्र | | | |
| शिक्षाशास्त्र | | | |
| इतिहास | | | |
| समाजशास्त्र | | | |
| संस्कृत | | | |

## प्रवेश हेतु पात्रता

**बी.ए. में प्रवेश हेतु :–** स्नातक/कला संकाय में प्रवेश लेने की न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में सामान्य एवं ओ0बी0सी0 वर्ग के अभ्यर्थियों को कम से कम 40% अंक एवं अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 33% अंक अनिवार्य हैं।

**बी.काम में प्रवेश हेतु :–** इण्टरमीडिएट कामर्स/अर्थशास्त्र/गणित/समकक्ष इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण सामान्य एवं अन्य पिछड़ावर्ग की श्रेणी के छात्र/छात्राओं हेतु 40% अंक तथा अनु.जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु 33% अंकों के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**बी.बी.ए. में प्रवेश हेतु :–** इण्टरमीडिएट कला/विज्ञान/वाणिज्य/कृषि अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सामान्य एवं अन्य पिछड़ावर्ग की श्रेणी के छात्र/छात्राओं हेतु 50% अंक तथा अनु.जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु 45% अंकों के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

**एम.ए. में प्रवेश हेतु :–** स्नातक स्तर पर सम्बन्धित विषय में परीक्षा उत्तीर्ण सामान्य एवं अन्य पिछड़ावर्ग श्रेणी के छात्र/छात्राओं हेतु 45% अंक तथा अनु.जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु 40% अंक तथा अन्य विषय या अन्य संकाय में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु स्नातक स्तर पर 50% अंक होना अनिवार्य है।

**परास्नातक स्तर के सभी विषयों में शोध कार्य संचालित हैं।**

अभ्यर्थी को आवेदन करने से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की वेबसाइट पर जाकर LURN प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# Subject for B.A. (विषय संयोजन)

| | |
|---|---|
| Group-A | 1. हिन्दी साहित्य केवल एक विषय का चयन करें।<br>2. हिन्दी (प्रयोजन मूलक हिन्दी) |
| Group-B | 1. अंग्रेजी साहित्य केवल एक विषय का चयन करें।<br>2. अंग्रेजी (Functional English) |
| Group-C | संस्कृत |
| Group-D | इतिहास |
| Group-E | अर्थशास्त्र |
| Group-F | भूगोल |
| Group-G | राजनीति विज्ञान |
| Group-H | समाजशास्त्र |
| Group-I | शिक्षाशास्त्र |

**नोट** – अभ्यर्थी उपरोक्त समूहों में से एक समूह से केवल एक विषय का चयन करेगा, इस तरह अभ्यर्थी को तीन अलग–अलग समूहों में से तीन विषयों का चयन करना होगा। अभ्यर्थी दो से अधिक साहित्यिक या भाषा विषय का चयन नहीं कर सकता।

**नोट – छात्र/छात्राओं के हित में सलाह दी जाती है कि वह समाजशास्त्र और शिक्षाशास्त्र विषय एक साथ चयन न करें, जिन छात्र/छात्राओं का इण्टर में अर्थशास्त्र एवं गणित विषय रहा है उन्हें अर्थशास्त्र विषय लेना हितकर होगा। जिन छात्र/छात्राओं का इण्टर में संस्कृत विषय रहा है उन्हें स्नातक में संस्कृत विषय लेना हितकर होगा।**

1. यदि कोई प्रवेशार्थी प्रवेश हेतु काउंसिलिंग के दिन अनुपस्थित रहता है अथवा प्रवेश सम्बन्धी औपचारिकतायें निर्धारित तिथि तक पूर्ण नहीं कर पाता है तो उस दशा में उसका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा उसके स्थान पर योग्यताक्रम (Merit) में आने वाले अगले अभ्यर्थी के प्रवेश पर विचार कर लिया जायेगा।
2. बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशार्थियों का प्रवेश संस्तुत हो जाने की दशा में तत्काल निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य है अन्यथा प्रवेशाधिकार निरस्त माना जायेगा।
3. **लखनऊ विश्वविद्यालय का परीक्षा आवेदन–पत्र सामान्यतया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय में भरे जाते हैं। परीक्षा फार्म का भरा जाना परीक्षार्थी का व्यक्तिगत दायित्व होगा। परीक्षा आवेदन–पत्र की निर्धारित तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् विश्वविद्यालय की सहमति प्राप्त होने के बाद ही परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रसारित किये जा सकेंगे।**
4. यदि कोई प्रवेशार्थी ऑन–लाइन आवेदन के समय किसी भी तरह की असत्य/गलत सूचना देता है तो प्रवेश समिति को यह पूर्णतया अधिकार होगा कि उसका प्रवेश निरस्त कर दें, तथा आवश्यक कार्यवाही करें।

1. वे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमीलेयर) के हैं तथा उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा तथा अन्य प्रदेशों के अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे।
2. आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश सरकार/लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमों के अन्तर्गत दिया जायेगा।
3. जाति तथा आय प्रमाण पत्र सरकारी वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा।
4. ऑनलाइन प्रवेश पंजीकरण के समय जमा किया गया समस्त शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।
5. छात्रत्व के दौरान रैगिंग जैसी कुत्सित घटना में सम्मिलित होने पर छात्र के विरूद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी।
6. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान वर्ष में अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यूनतम अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा।
7. महाविद्यालय को किसी भी समय प्रवेश नियमों में परिवर्तन एवं संशोधन करने का अधिकार होगा।

## सामान्य सूचना

1. यदि कोई अभ्यर्थी असत्य सूचनाओं/अनुसूचित साधनों के आधार पर अथवा फर्जी अंक पत्रों के आधार पर प्रवेश पाता है तो जिस समय भी यह तथ्य उद्घाटित होगा, उसका प्रवेश प्रारम्भ से ही निरस्त कर दिया जायेगा तथा उसके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता सम्बन्धित धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।
2. कला स्नातक अभ्यर्थियों का प्रवेश, इस हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता सूची से लिया जायेगा।
3. योग्यता के क्रम को निम्नलिखित रूप में निर्धारित किया जायेगा।
4. यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों ने मेरिट सूची में बराबर अंक/श्रेणी प्राप्त किये है तो प्रवेश के लिए मेरिट का निर्धारण निम्मलिखित प्रकार से होगा।
5. जिस अभ्यर्थी के इण्टरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा या पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उच्च प्रतिशत प्राप्त होंगे, उस अभ्यर्थी को पहली वरीयता दी जाएगी।
6. यदि अभ्यर्थियों के इण्टरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा या पॉलीटेक्निक डिप्लोमा परीक्षा में प्राप्त अंक बराबर हैं तो ऐसी स्थिति में पहली वरीयता उस अभ्यर्थी को दी जायेगी जिसने हाई स्कूल या समकक्ष परीक्षा या पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उच्चतर प्रतिशत प्राप्त किया है।
7. यदि हाई स्कूल में प्राप्त अंक भी बराबर है तो ऐसी स्थिति में आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
8. अभ्यर्थी योग्यता (मेरिट) के आधार पर भारण (यदि कोई है) के लिए हकदार होगा।
9. महाविद्यालय के पास किसी भी प्रवेश को किसी भी अवस्था में निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
10. प्रवेश से सम्बन्धित अध्यादेश के प्रावधानों के प्रतिपादन के सम्बन्ध में सभी विवाद महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश समिति को सौंपे जायेंगे और उनका निर्णय अन्तिम होगा।

# प्रवेश हेतु प्रक्रिया (Procedure for Admission)

01– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त महाविद्याय में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र/छात्रा को सर्व प्रथम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर Lucknow University Registration Number (LURN) प्राप्त करना अनिवार्य होगा बिना LURN) के आपका प्रवेश आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा।

02– स्नातक/कला संकाय (NEP) चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में सामान्य एवं ओ0बी0सी0 वर्ग के अभ्यर्थियों को कम से कम 40% अंक एवं अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 33% अंक अनिवार्य हैं।

03– कला संकाय में स्नातक कक्षा में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क के साथ आनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन केवल आनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। अन्तिम तिथि के बाद किए गये आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

04– कला संकाय में स्नातक अभ्यर्थियों का प्रवेश महाविद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट से किया जायेगा।

05– यदि प्रवेश परीक्षा का प्राप्तांक समान होगा तो (10+2) में उच्च प्रतिशत वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

07– परीक्षा के लिए एक प्रश्न पत्र होगा जो कि बहुविकल्पीय प्रकृति का होगा।

08– प्रश्नपत्र में कुल 100 प्रश्न होंगे जिसका पूर्णांक 100 होगा।

09– प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा, गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं होगा।

10– प्रश्न पत्र को हल करने के लिए 02 घण्टे का समय निर्धारित होगा।

11– प्रश्न पत्र में (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, रिजनिंग, विज्ञान, अर्थशास्त्र, खेलकूद, समसामयिक घटनाक्रम एवं हिन्दी भाषा) से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जायेंगे।

# Post Graduate Admission Information Brochure
# C.S.N. P.G. College, Hardoi

01– ऑनलाइन प्रवेश सम्बन्धी निर्देश विश्वविद्यालय अधिनियम, परिनियम, अध्यादेशों तथा नियमों के अधीन हैं।

02– गैप प्रमाण–पत्र : यदि स्नातक परीक्षा/अर्हता परीक्षा के बाद प्रवेश लेने में अन्तराल हो तो अन्तराल के कारण का रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर निर्गत नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ–पत्र प्रवेश के समय जमा करें।

03– प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे महाविद्यालय की वेबसाइट नियमितरूप से देखते रहें।

04– योग्यता सूची घोषित होने पर इसकी प्रति महाविद्यालय की वेबसाइट पर देखने के लिए उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी को स्वयं अपना योग्यता–क्रमांक, योग्यता–सूची से ज्ञात करना होगा। योग्यता–सूची समाचार–पत्रों में प्रकाशित नहीं करायी जायेगी।

05– जो अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं तथा उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा तथा अन्य प्रदेशों के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जायेंगें।

06– आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश सरकार/लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमों के अन्तर्गत प्रदान किया जायेगा।

07– जाति तथा आय प्रमाण पत्र सरकारी वेबसाइट से प्रमाणित किया जायेगा।

08– रजिस्ट्रेशन के समय जमा किया गया समस्त शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नही किया जायेगा।

09– शिक्षण के दौरान रैगिंग जैसी कुत्सित घटना में संलिप्त होने पर छात्र/छात्राओं के विरूद्व माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

10– जो अभ्यर्थी किसी भी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्था से निष्कासित किये गये हैं अथवा भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत अपराधी सिद्व किये गये है वह महाविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिये योग्य नहीं होंगे।

11– स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे जिन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से 10+2+3 अथवा समकक्ष की शिक्षा पद्धति के अन्तर्गत त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

12– अभ्यर्थी को जिस विषय में प्रवेश लेना है उस विषय के स्नातक पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष में अध्ययन किये जाने की स्थिति में उसने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।

13– अभ्यर्थी द्वारा जिस विषय में प्रवेश लेना है उस विषय/संकाय के स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययन न किये जाने की दशा में स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की हो।

14– परास्नातक में प्रवेश, प्रवेश–परीक्षा के आधार पर होगा।

15– एक से अधिक परास्नातक के विषयों में आवेदन के लिये अलग–अलग ऑन–लाइन फार्म भरना होगा।

16– एक विषय का फार्म दूसरे विषय में प्रवेश के लिये स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा।

17– अभ्यर्थी एक सत्र में दो परास्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में अध्ययन नहीं कर सकता है।

18– यदि अभ्यर्थी ने पूर्व में किसी विषय में परास्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है तो वह दूसरे विषय में परास्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययन हेतु अर्ह नहीं होगा। यह नियम व्यावसायिक पाठ्क्रमों पर लागू नहीं होगा।

19– योग्यता सूची सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध रहेगी तथा इसे महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी देखा जा सकेगा।

20– महाविद्यालय किसी भी प्रवेश को किसी भी स्तर पर निरस्त करने का अधिकार रखता है।

21– परास्नातक प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश समिति का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।

22– परास्नातक प्रवेश से सम्बन्धित सभी विधिक मामलों का न्याय क्षेत्र हरदोई होगा।

23– ऐसे अभ्यर्थी जो प्रवेश वर्ष में स्नातक पाठ्यक्रम की अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यूनतम अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा।

24– यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची में समान अंक/श्रेणी प्राप्त किये है तो प्रवेश के लिए मेरिट का निर्धारण निम्नलिखित प्रकार से होगा:–

क– यदि अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक समान हैं तो ऐसी दशा में पहली वरीयता उस अभ्यर्थी को दी जायेगी जिसने स्नातक या समकक्ष परीक्षा में उच्चतर प्रतिशत प्राप्त किया हैं।

ख– यदि अभ्यर्थियों के प्रवेश परीक्षा एवं स्नातक में प्राप्त अंक समान हैं तो ऐसी दशा में पहली वरीयता उस अभ्यर्थी को दी जायेगी जिसने कक्षा 10+2 या समकक्ष परीक्षा में उच्चतर प्रतिशत प्राप्त किया है।

## अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी एवं विषयों का आवंटन होगा।

1. अभ्यर्थियों के प्रवेश प्राप्तांक की मेरिट के अनुसार विषय सीटों के सापेक्ष आवंटित किये जायेंगे।

2. विषय आवंटन महाविद्यालय में काउंसिलिंग के आधार पर किया जायेगा।

3. यदि कोई अभ्यर्थी उच्च मेरिट रखते हुए निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होता है तो उसके नीचे वाले अभ्यर्थी को विषय आवंटित होगा जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।

4. यदि निर्धारित काउंसिलिंग के बाद कुछ सीटें रिक्त हो जाती हैं तो (पहले आओ पहले पाओ) के आधार पर प्रवेश एवं विषय आवंटित होगा।

## काउंसिलिंग प्रक्रिया

1. अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें कॉलेज द्वारा कांउसिलिंग की तिथि घोषित की जायेगी।

2. सीटों का आवंटन निर्धारित आरक्षण व्यवस्था के अनुरूप होगा।

# प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए काउन्सिलिंग के समय निम्नलिखित प्रमाण–पत्र संलग्न करने होंगे।

01– Lucknow University Registration Number (LURN) की छायाप्रपति

02– हाई स्कूल/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति

03– 10+2/इण्टरमीडिएट परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति

04–अंतिम शिक्षा संस्था के प्रधानाचार्य/प्राचार्य द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र मूल रूप में एवं टी.सी./प्रवजन प्रमाण–पत्र की मूलप्रति।

05–पूर्व परीक्ष में व्यक्तिगत (प्राइवेट) रूप से उत्तीर्ण प्रवेशार्थी को केन्द्र प्रमाण–पत्र की मूलप्रति एवं किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा चरित्र प्रमाण–पत्र तथा संस्थागत छात्रा के रूप में जिस कक्षा तक अध्ययन किया गया हो, की टी.सी. एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल सत्यापित प्रति।

06–ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व वर्षों के अध्ययन में गैप रहा हो, 10 रूपये के नोटरी के माध्यम से इस आशय का शपथ–पत्र (प्रारूप संलग्न) प्रस्तुत करें कि उसने विगत वर्षों में कहीं भी संस्थागत छात्र/छात्रा के रूप में अध्ययन नहीं किया है।

07– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति/ई.डब्लू. एस./स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/ दिब्यांग सुरक्षाकर्मी/विकलांग/एन.सी.सी. या राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद में भाग लेने से सम्बन्धित प्रवेशार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

08–समस्त स्रोतों से अभिभावक की वार्षिक आय रू. 2.00 दो लाख तक होने की दशा में सक्षम अधिकारी (तहसीलदार) द्वारा आय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

09–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S) के प्रवेशार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। (प्रमाण–पत्र प्रारूप I एवं II ।सलंग्न है)

10–प्रवेशार्थी के लिए यह अनिवार्य है कि एन्टी रैगिंग शपथ–पत्र (प्रारूप–3) प्रवेश फार्म के साथ संलग्न करें।

# शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क का विवरण

## सत्र 2023–24 की शुल्क संरचना (स्नातक एवं परास्नातक)

| क्रमांक | मद का नाम | बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | द्वितीय सेमेस्टर शुल्क | एम.ए. प्रथम सेमेस्टर शुल्क | एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवेश शुल्क | 10.50 | | 7 | |
| 2 | शिक्षण शुल्क | 144 | | 144 | |
| 3 | मंहगाई शुल्क | 42 | | 42 | |
| 4 | विकास शुल्क | 20 | | 20 | |
| 5 | इलेक्ट्रिक हॉट एण्ड कोल्ड शुल्क | 100 | | 100 | |
| 6 | परिचय–पत्र शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 7 | वाचनालय शुल्क | 12 | | 12 | |
| 8 | क्रीड़ा शुल्क | 100 | | 100 | |
| 9 | पत्रिका शुल्क | 50 | | 50 | |
| 10 | भूगोल प्रेक्टिकल प्रति विषय शुल्क | **240** | | 240 | |
| 11 | भूगोल प्रयोगशाला काशनमनी शुल्क | **20** | | 20 | |
| 12 | पुस्तकालय शुल्क | 100 | | 100 | |
| 13 | पुस्तकालय काशनमनी शुल्क | 30 | | 30 | |
| 14 | विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क | **1250** | **1250** | **2000** | **2000** |
| 15 | विश्वविद्यालय नामांकन शुल्क | **500** | | **500** | |
| 16 | छात्र कल्याण कोष | **100** | | 100 | |
| 17 | साईकिल स्टैण्ड शुल्क | 300 | | 300 | |
| 18 | प्रोसेसिंग शुल्क | 450 | | 450 | |
| 19 | छात्र संघ शुल्क | 50 | | 50 | |
| 20 | कल्चरल एक्टीविटीज शुल्क | 50 | | 50 | |
| 21 | छात्र सहायता निधि कोष | 0 | | 0 | |
| 22 | मिडटर्म परीक्षा शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 23 | वि.वि. प्रायोगिक/माखिक परीक्षा शुल्क (भूगोल) | **0** | 0 | 0 | 0 |
| 24 | पुरातन छात्र शुल्क | 50 | 50 | 50 | 50 |
| | | **3718.50** | **1400** | **4465** | **2150** |

नोट – उक्त शुल्क विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार परिर्वतनीय होगा।

# (स्नातक एवं परास्नातक)

# ऐसे प्रवेशार्थी को प्रवेश देना सम्भव नहीं होगा

01– जो गत वर्ष किसी विश्वविद्यालय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो चुका हो।

02– जो अनुचित साधन प्रयोग का दोषी पाया गया हो।

03– जो गत वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने से रोक दिया गया हो।

04– जो किसी आपराधिक मामले में सजा पा चुका हो अथवा जिस पर कोई अभियोजन चल रहा या जिसका आचरण संदिग्ध हो।

05– किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश देने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।

06– कक्षायें आरम्भ होने के एक सप्ताह के अन्दर छात्र एवं छात्रा को विषय की शुल्क रसीद/बैंक जमा पर्ची दिखाकर विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

# अनुशासन सम्बन्धी नियम

छात्र/छात्राओं में अनुशासन एवं संस्था के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में प्राक्टोरियल बोर्ड का गठन किया है। महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था तोड़ने पर दोषी छात्र/छात्राओं को दण्डित करने का पूर्ण अधिकार अनुशासन समिति को प्राप्त है। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक अनुशासन समिति के पदेन सदस्य हैं।

**प्रत्येक छात्र/छात्रा को अनुशासन सम्बन्धी निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।**

1. महाविद्यालय में अध्ययनरत् प्रत्येक छात्र/छात्रा को एवं महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा।
2. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों हेतु गणवेश (Uniform) आसमानी स्लेटी फुल पैन्ट तथा सफेद फुल शर्ट।
3. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं हेतु गणवेश (Uniform) नीले चेक का कुर्ता, सफेद सलवार तथा सफेद दुपट्टा।
4. सर्दियों में छात्र/छात्राओं हेतु नेबी ब्लू रंग का स्वेटर।
5. छात्र/छात्राओं हेतु निर्धारित गणवेश (Uniform) के अभाव में छात्र/छात्राओं को कक्षा में जाने से रोक जा सकता है।
6. शिक्षण कक्ष में मोबाइल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों का प्रयोग पूर्णतः निषिद्ध है।
7. किसी भी बाहरी व्यक्ति को महाविद्यालय परिसर में लाना अनुशासनहीनता मानी जाएगी।
8. छात्राओं के लिए कामनहाल की व्यवस्था है, जहां वे खाली वादनों में बैठ सकती हैं।
9. पान मसाला, तम्बाकू, गुटखा या अन्य नशीली वस्तुओं का प्रयोग करते पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
10. रैगिंग संज्ञेय अपराध है। महाविद्यालय परिसर में यदि कोई छात्र/छात्रा रैगिंग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ इण्डियन पैनल कोर्ट (आई0पी0सी0) के अन्तर्गत Act against Ragging के तहत दण्ड निर्धारित होगा तथा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर उसे महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया जायेगा।
11. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित योग्यता एवं झूठे तथ्यों के आधार पर प्रवेश लेता है तो तथ्य उद्घाटित होने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर उसके प्रवेश को निरस्त कर दिया जायेगा।
12. महाविद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों के प्रति अशालीन व्यवहार करना, या किसी बात को मनवाने के लिए सहपाठियों एवं छात्र/छात्राओं को प्रशासन के विरूद्ध भड़काना, प्रदर्शन एवं आंदोलन करना अनुशासनहीनता है। ऐसे में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
13. छात्र/छात्राएं अपने वाहन स्टैण्ड पर ही खड़ा करें। अन्य स्थान पर वाहन खड़ा करने पर उन्हें दण्डित किया जायेगा।
14. यदि कोई भी छात्र/छात्रा अनुशासन सम्बन्धी नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके स्कालर रिकार्ड में तथा महाविद्यालय द्वारा दिये जाने वाले चरित्र प्रमाण पत्र में भी प्रविष्टि अंकित की जाएगी।

# भारण एवं आरक्षण के लिए प्रमाण–पत्र निम्नलिखित सक्षम अधिकारियों द्वारा निर्गत ही मान्य होंगे

| | वर्ग | सक्षम अधिकारी | प्रतिशत / भारांक |
|---|---|---|---|
| 1. | उत्कृष्ट खिलाड़ी या गाइड / रेंजर (पिछले 03 वर्षों में) | शिक्षा अधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी या आयोजक संस्था के अधिकारी या लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष या प्रधानाचार्य प्रतिहस्ताक्षर। | 3% भारांक |
| 2. | विकलांग | जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी | 3% क्षैतिज |
| 3. | स्वतंत्रता सेनानी के वास्तविक आश्रित पुत्र / पुत्री / पौत्री | जिलाधिकारी | 2% भारांक |
| 4. | सांस्कृतिक / पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों में पिछले 03 वर्षों में विशेष उपलब्धि। | शिक्षा अधिकारी, आयोजक संस्था के अधिकारी | 3% भारांक |
| 5. | एन.सी.सी.–बी. / सी. प्रमाण पत्र | सम्बन्धित यूनिट / बटालियन के समादेश अधिकारी। | 3% भारांक |
| 6. | अनु. जाति / जनजाति तथा | जिलाधिकारी / अपर जिलाधिकारी / सिटी मजिस्ट्रेट | 15% तथा 7.50% |
| 7. | अन्य पिछड़ी जाति / वर्ग / | परगना मजिस्ट्रेट अथवा तहसीलदार। | 27% |
| | ई0डब्लू0एस0 | | 10% |
| 8. | क्षेत्रीय युवा समारोह में विगत 3 वर्षों में विशेष उपलब्धि | जिला अथवा क्षेत्रीय अधिकारी / आयोजक या संचालक | 3% |
| 9. | विधवा या परित्यक्ता | कानूनी / अधिकृत अधिकारी / अभिलेख | 1%, क्षैतिज |
| 10. | शहीद या प्रतिरक्षा कार्य में अपंग हुए सेवामुक्त कर्मी की पुत्र / पुत्री / पत्नी / बहन | सोल्जर्स बोर्ड / सक्षम सैन्य अधिकारी या अभिलेख | 2% क्षैतिज |

11. निम्नलिखित श्रेणी के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के नियमानुसार भारण (Weightage) देय होगा:— ऐसे खिलाड़ी जिन्होने जनपद में चयन के पश्चात टीम की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पिछले दो वर्षों में भाग लिया हो। डी.आई.ओ.एस. / आर.आई.जी.एस. / डी.डी.ओ. द्वारा दिये गये मूल प्रमाण–पत्र ही केवल मान्य होंगे।

    अथवा

    ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने उत्तर प्रदेश का पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय अथवा प्रदेशीय प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया हो तथा प्रतियोगिताएं आधिकारिक मान्यता प्राप्त प्रदेशीय खेलकूद संस्थाओं द्वारा आयोजित की गई हों। इन प्रतियोगिताओं के आयोजकों अथवा राजकीय संस्थाओं द्वारा दिये गये मूल प्रमाण पत्र ही केवल मान्य होंगे।

12. यदि किसी अभ्यर्थी ने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्ष उत्तीर्ण की है तो उसे परास्नातक में प्रवेश के समय मेरिट (योग्यता) अंको में 5 अंक का भारांक दिया जायेगा लेकिन प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के लिए इसको नहीं जोड़ा जायेगा।

**13. नोट–**

1. आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश सरकार / लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमों के अन्तर्गत दिया जायेग
2.कुल वरीयता अंको (भारण) का योग 10 प्रतिशत भारांक से अधिक नहीं होगा।

# गैप इयर हेतु शपथ–पत्र का प्रारूप– 01

(10 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नौटेरी द्वारा सत्यापित)

1. मैं, ..............................................................................पुत्र/पुत्री श्री ................................................
..

पता......................................................................................................................................................
........................................................जो आपके महाविद्यालय (सी.एस.एन. पी.जी. कॉलेज, हरदोई) में कक्षा ....................................में प्रवेश लेना चाहता हूँ/चाहती हूँ।

2. मैं शपथपूर्वक बयान करता हूँ/करती हूँ कि मैंने इण्टर/बी.ए./बी.एस.सी./बी.काम. प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष ...................में उत्तीर्ण की है इसके बाद वर्ष.............से वर्ष..................तक मैनें किसी भी अन्य संस्थागत विद्यालय/महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है। मैं इस अन्तराल में ............................कारण/कारणों से प्रवेश नहीं ले सका था/सकी थी।
3. यदि मेरा उक्त बयान/घोषणा असत्य किसी अंश तक मिथ्या पायी जाती है तो मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाये। मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वतन्त्र होगा।
4. उक्त शपथ पूर्वक बयान के लिए ईश्वर मेरी मदद करे।

स्थान :
तिथि :
.
.
..
..

प्रार्थी/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
प्रार्थी का नाम ................................................................

पिता का नाम..................................................................

पता.........................................................................................

.........................................................................................

संलग्नक

(प्रारूप–1)

उत्तर प्रदेश सरकार

कार्यालय का नाम.........................................

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र**

प्रमाण–पत्र संख्या .................................                                                                 दिनांक........................

.

वित्तीय वर्ष......................................के लिए मान्य

1. प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती / कुमारी.......................................................................... पुत्र / पति / पुत्री.....................................................................ग्राम / कस्बा.................................................................................

.

पोस्ट ऑफिस............................................................................... थाना...............................................................................

तहसील.............................................................जिला...........................................राज्य.........................................

पिन कोड.............................................के स्थायी निवासी हैं, जिनका फोटोग्राफ नीचे अभिप्रमाणित है, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य हैं, क्योंकि वित्तीय वर्ष .................................... में इनके परिवार की कुल वार्षिक आय रू. 8.00 लाख (आठ लाख रूपये मात्र ) से कम है। इनके परिवार के स्वामित्व में निम्नलिखित में से कोई भी परसम्पत्ति नहीं है–

i. 5 (पांच) एकड़ कृषि योग्य भूमि अथवा इससे ऊपर।

ii. एक हजार वर्ग फीट अथवा इससे अधिक फ्लैट।

iii. अधिसूचना नगर पालिका के अन्तर्गत 100 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।

iv. अधिसूचना नगर पालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।

2. श्री / श्रीमती / कुमारी.................................. ....................जाति.......................................के सदस्य हैं, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के रूप में अधिसूचना नहीं है।

| | |
|---|---|
| आवेदक का पासपोर्ट साईज का अभिप्रमाणित फोटोग्राफ | हस्ताक्षर ..............................(कार्यालय की मुहर सहित)<br>पूरा नाम...........................................................................<br>पदनाम................................................................................<br>जिलाधिकारी / अतिरिक्त जिलाधिकारी / सिटी मजिस्ट्रेट /<br>परगना मजिस्ट्रेट / तहसीलदार |

(प्रारूप— I I)

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थी स्वयं घोषणा—पत्र

### स्वंय घोषणा—पत्र

मैं.......................................................................पुत्र / पुत्री / पत्नी........................................................................................

ग्राम / कस्बा ......................................................................................पोस्ट ऑफिस..................................................................

जिला ...........................................................................राज्य............................................. में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाण—पत्र हेतु आवेदन—पत्र दिया है, एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ :—

1— मैं ................................................जाति से सम्बन्ध रखता / रखती हूँ, जो उत्तर प्रदेश हेतु अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में सूचीबद्ध नहीं है।

2— मेरे परिवार की कुल स्रोतो (वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा इत्यादि) से कुल वार्षिक आय रू.......................... (शब्दों में)...........................................................है।

3— मेरे परिवार के पास उल्लिखित आय के सिवाय अथवा इसके अतिरिक्त अन्यत्र कोई परिसम्पत्ति नहीं है।

अथवा

कई स्थानों पर स्थित परिसम्पत्तियों को जोड़ने के पश्चात भी मैं (नाम).........................................आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के दायरे में आता / आती हूँ।

4— मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे परिवार की सभी परिसम्पत्तियो को जोड़ने के पश्चात निम्नलिखित में से किसी भी सीमा से अधिक नहीं है :—

i. 5 (पांच) एकड़ कृषि योग्य भूमि अथवा इससे ऊपर।
ii. एक हजार वर्ग फीट अथवा इससे अधिक फ्लैट।
iii. अधिसूचना नगर पालिका के अन्तर्गत 100 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।
iv. अधिसूचना नगर पालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड।

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है और मैं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण सुविधा प्राप्त करने हेतु पात्रता धारण करता / करती हूँ। यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य / गलत पायी जाती है तो मैं पूर्ण रूप में जानता हूँ / जानती हूँ कि इस आवेदन पत्र के आधार पर दिये गये प्रमाण—पत्र के द्वारा शैक्षणिक संस्थान में लिया गया प्रवेश / लोक सेवाओं एवं पदों में प्राप्त की गई नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी / कर दिया जायेगा अथवा इस प्रमाण—पत्र के आधार पर कोई अन्य सुविधा / लाभ प्राप्त किया गया है उससे भी वंचित किया जा सकेगा। और इस सम्बन्ध में विधि एवं नियमों के अधीन मेरे विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही के लिए मैं उत्तरदायी रहूँगा / रहूँगी।

नोट— जो लागू नहीं हो उसे काट दें।

आवेदक / आवेदिका का हस्ताक्षर तथा पूरा नाम

स्थान :
दिनांक :

# UNDERTAKING / DECLARATION

I,……………………………………S/o or D/o Shri…………………………………

**hereby declare that :-**

1. The facts given by me in the admission form are true to the best of my knowledge. And belif I Heirdly declare that I have not concealed any fact which is important to be disclosed by a bonafied student of the University/ college/ Institution. I understand that concealment of facts is punishable at any point of time.
2. I agree to abide by the rules and regulations of University/ college/ Institution applicable from time to time and will not indulge in any activity which brings disrepute to my college/Institute and/University. I also declare that I will not pursue for appearing in University Examination if my attendance falls below 75%
(सहयुक्त : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ उ0प्र0)
युवा महोत्सव - 2022


स्व. ओमप्रकाश सिंह
पुरस्कार वितरण समारोह
दिनाँक - 16 दिसम्बर 2022 समय - अपरान्ह 01 बजे
मुख्य अतिथि :- माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू'


स्व. ओमप्रकाश सिंह स्मृति
कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता
पुरस्कार वितरण समारोह
दिनाँक - 16 दिसम्बर 2022 समय - अपरान्ह 01 बजे
मुख्य अतिथि :- माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू'
स्व. ओमप्रकाश सिंह


स्व. ओमप्रकाश सिंह स्मृति
कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता
पुरस्कार वितरण समारोह
दिनाँक - 16 दिसम्बर 2022 समय - अपरान्ह 01 बजे
मुख्य अतिथि :- माधवेन्द्र प्रताप
स्व. ओमप्रकाश सिंह


(सहयुक्त : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
युवा महोत्सव
19 दिसम्बर

# एन.सी.सी कार्यक्रम एवं परेड














प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट को चयन आर्मी,उ0प्र0 पुलिस, एस.एस.सी. जी.डी आदि में होता है।

<u>वर्ष 2022–23 में चयनित एन.सी.सी. कैडेट के नाम :–</u>

01–आदित्य प्रताप सिंह

02–शिवानी सिंह

03–सोनू सिंह

# एन.एस.एस. कार्यक्रम

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार का लोक सेवा कार्यक्रम है जो कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित होता है इसकी शुरूआत गांधी जी की शताब्दी वर्ष 1969 में हुई।

## उद्देश्य– मैं नहीं आप Not me but you

NSS- in CSN. P.G. College

हरदोई में एक इकाई (100) स्वयं सेवक की संचालित है इच्छुक छात्र/छात्राएं इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वयं सेवकों NSS का आवंटन आरक्षण के नियमों के अनुसार किया जाता हैं।

सी.एस.एन. पी.जी. कालेज, हरदोई की एन.एस.एस. इकाई द्वारा समय–समय पर एक दिवसीय एव 07 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है एक दिवसीय कार्यक्रम की एक झलक :–

जितेन्द्र सिंह चौहान
अतिसिस्टेण्ट प्रोफेसर/प्रभारी NSS




राष्ट्रीय सेवा योजना
सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान
सी.एस.एन.(पी.जी.) कालेज, हरदोई


राष्ट्रीय सेवा यो
सड़क सुरक्षा जागरूकत
सी.एस.एन.(पी.जी.) काले


राष्ट्रीय सेवा योजना
सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान
सी.एस.एन.(पी.जी.) कालेज, हरदोई
27/05/2022 10:11


राष्ट्रीय सेवा योज
सड़क सुरक्षा जागरूकता
सी.एस.एन.(पी.जी.) काले
27/05/2022 10:15

# महाविद्यालय में स्थापित कैन्टीन का एक दृश्य







# महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियाँ










# समाचार पत्रों में महाविद्यालय



## पितृ एवं गुरु ऋण को हमेशा याद रखना चाहिए

सीएसएन महाविद्यालय में शुरू हुआ 10 दिवसीय युवा महोत्सव, पहले दिन हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनीष कुमार ने किया उद्घाटन

युवा महोत्सव में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करती छात्राएं। संवाद

कार्यक्रम को संबोधित करते न्यायाधीश मनीष कुमार। संवाद

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

हरदोई। केन सोसायटीज नेहरू पीजी कॉलेज में नई शिक्षा नीति के प्रति छात्र-छात्राओं को जानकारी देने और उनके विचार जानने के लिए 10 दिवसीय युवा महोत्सव शनिवार को शुरू हुआ। महोत्सव में कहा गया कि पितृ और गुरु ऋण को हमेशा याद रखना चाहिए।

उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के न्यायाधीश मनीष कुमार ने कहा कि माता-पिता जन्म से लेकर युवावस्था तक देखभाल करते है और यह आपका मानवाधिकार है, परंतु सफलता मिलने के बाद माता-पिता को भूलना नहीं चाहिए, बल्कि उनकी हर संभव देखभाल कर अपना कर्तव्य निभाएं।

इसके साथ ही गुरु की अच्छी शिक्षा के बिना कोई भी व्यक्ति सफलता हासिल नहीं कर सकता है, इसलिए गुरु का सदा आदर करें। कार्यक्रम में प्राचार्य कौशलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि युवा महोत्सव को आयोजन जिलाधिकारी की प्रेरणा से बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

न्यायाधीश मनीष कुमार ने कॉलेज परिसर में चंद्रशेखर आजाद, कॉलेज संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहन लाल वर्मा और डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। यहां जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और प्रभारी जिला जज सुनील कुमार सिंह ने दीप जलाकर युवा महोत्सव का शुभारंभ किया।

छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी के साथ 10 दिन होने वाली खेल प्रतियोगिताएं का प्रारंभ गुब्बारे उड़ाकर किया और प्रतियोगी छात्रों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



दैनिक जागरण लखनऊ, 11 दिसंबर, 2022

## लोगों की अपनी संपत्ति मानवाधिकार

सीएसएन पीजी कालेज में हुआ युवा महोत्सव का आगाज

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्नों ने लुभाया

## जीएसटी टीम ने कपड़े की दुकान पर की जांच



## गायन में यासिर ने मारी बाजी

जासं, हरदोई: सीएसएन पीजी कालेज में चल रहे युवा महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को इंदुभूषण दीक्षित स्मृति गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें जिले के लगभग 60 प्रतिभागियों ने शिरकत की। रफी अहमद किदवई इंटर कालेज के यासिर को प्रथम पुरस्कार, रफी अहमद किदवई इंटर कालेज के ही सौरभ वर्मा को द्वितीय पुरस्कार, जीडीसी की छात्रा शक्ति मिश्रा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। पारुल दीक्षित ने विजयी प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से मेडल और प्रमाण-पत्र का वितरण कर पुरस्कृत किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में हरदोई लायंस एवं लीजेंड-11 के बीच मैच हुआ, जिसमें लीजेंड-11 की टीम विजेता रही।

दूसरा मैच बालाजी-11 और सुमई क्रिकेट क्लब के बीच हुआ, जिसमें बालाजी-11 की टीम विजेता रही। कालेज में समाजशास्त्र विभाग द्वारा अकादमी व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत वर्तमान समय में समाजशास्त्र की प्रासंगिकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के सामाजिक विज्ञान विभाग के डा. विभूति भूषण मलिक ने बताया कि समाजशास्त्र विषय की शुरुआत 19वीं शताब्दी में उपनिवेशवाद के दौरान विभिन्न देशों की जातियों धर्म एवं रीति-रिवाजों के अध्ययन के दौरान हुई। भारत में समाजशास्त्र एक विषय के रूप में आजादी के बाद से स्थापित होना शुरू हुआ है। डा. आंबेडकर ने हिंदू कोड बिल लाकर भारत में महिलाओं को एक सम्मान जनक स्थान प्रदान किया। भारत की आजादी के बाद से महिलाएं सामाजिक विज्ञान में अध्ययन के केंद्र में आ गईं। उन्होंने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर उसके लिए प्रयासरत होना चाहिए। आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डा. अजय कुमार ने मदारी पासी के सामाजिक योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य एनसी शुक्ला मौजूद रहे।

गायन प्रतियोगिता में गीत गाती प्रतिभागी शिखा द्विवेदी • जागरण



epaper हिन्दुस्तान

युवा महोत्सव में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

**हरदोई, संवाददाता।** सीएसएन पीजी कॉलेज में युवा महोत्सव के दूसरे दिन समाजशास्त्र विभाग द्वारा अकादमी व्याख्यान श्रृंखला के तहत वर्तमान समय में समाजशास्त्र की प्रासंगिकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।

मुख्य वक्ता अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के सामाजिक विज्ञान विभाग के डॉक्टर विभूति भूषण मलिक, समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ.अजय कुमार ने मदारी पासी के सामाजिक योगदान के बारे में विस्तार से बताया। युवा महोत्सव की अगली कड़ी में दूसरे दिन इंदुभूषण दीक्षित स्मृति गायन प्रतियोगिता में जिले के लगभग 60 प्रतिभागियों ने शिरकत की। रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज के यासिर को प्रथम पुरस्कार, रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज के ही सौरभ वर्मा को द्वितीय पुरस्कार, जीडीसी की छात्रा शक्ति मिश्रा को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

विजयी प्रतिभागियों को गायन प्रतियोगिता की प्रायोजक भाजपा नेत्री कल्पना पारुल दीक्षित एवं उनके पति व युवा नेता पारुल दीक्षित ने संयुक्त रूप से मेडल, प्रमाणपत्र एवं नकद धनराशि प्रदान की। जानकारी डॉ.दीपक कुमार राय मीडिया प्रभारी ने दी।

# व्याख्यान के साथ खेलों में दिखाई प्रतिभा

## सीएसएन युवा महोत्सव का सातवां दिन, राजनीति के बदलते संदर्भ पर छात्रों ने रखे विचार





### वॉलीबॉल में मलिहामऊ टीम ने हरदोई को किया पराजित

# बाबा मंदिर की टीम बनी चौम्पियन

हरदोई। सीएसएन पीजी कालेज चल रहे युवा महोत्सव का सोमवार को समापन हुआ।महाविद्यालय के क्रीड़ा सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि क्रीड़ा में स्वर्गीय बाबूलाल मोहन मोहनलाल वर्मा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में बाबा मंदिर हरदोई की टीम ने पीसीसी लाइन बालामऊ की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया, बाबा मंदिर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए, बाबा मंदिर की टीम ने बालामऊ को 17 रन से हराकर जीत हासिल की।बाबा मंदिर की टीम की ओर से पुन्नू को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने 36 रन और एक विकेट लेकर मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में प्रदर्शन करने वाले बालामऊ टीम के आयुष को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने 81 रन और 9 विकेट हासिल लिए। अंपायरिंग डा.अरुण मौर्या व डा.सचिन सिंह ने की। स्कोरिंग अरविंद सिंह और कमेंट्री राहुल वर्मा ने की। इस मौके पर डा. कुश मिश्रा, डा. अमित कुमार,डा. जितेंद्र सिंह चौहान मौजूद रहे, विजेता टीम को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश विधान परिषद राजेश सिंह, दीपक मिश्र,स्व. मोहनलाल वर्मा के पौत्र प्रभात वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट डा. सदानंद गुप्ता व कॉलेज के प्राचार्य केके सिंह ने ट्रॉफी,प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रही तनु वर्मा, द्वितीय रही आदर्श सेन और तृतीय रही तस्बीहा अंसारी को प्रशस्ति पत्र,शील्ड व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। शेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओ के विजेताओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

आयोजन | सीएसएन पीजी कॉलेज में हुआ युवा महोत्सव का समापन, विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ राजेश सिंह ने छात्रों को दी सीख

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं डॉ. राधाकृष्णन प्रमुख सचिव

अमृत विचार, हरदोई

सीएसएन पीजी कॉलेज में जारी 10 दिवसीय युवा महोत्सव का समापन मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिंह एवं दीपक मिश्र के वक्तव्य द्वारा हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ राजेश सिंह, मंडेला सम्मान प्राप्त प्रख्यात विचारक दीपक मिश्र एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वारा हुआ। अतिथियों का स्वागत प्रो. केके सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ राजेश सिंह ने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति के महत्व एवं उपादेयता पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार राधाकृष्णन द्वारा बनाई गई शिक्षा नीति के लागू ना हो पाने के कारण मैकाले की शिक्षा पद्धति आज भी भारत में चल रही है। ऐसे में वर्तमान शिक्षा पद्धति को बदलने के लिए नई शिक्षा नीति प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए मंडेला सम्मान प्राप्त प्रख्यात विचारक दीपक मिश्र ने हरदोई के जमीन से जुड़े क्रांतिकारियों को याद किया और सीएसएन पीजी कॉलेज के युवाओं को नई ऊर्जा, नए उत्साह से उद्वेलित करने के लिए राष्ट्रीय आंदोलन के उन क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक कुमार राय ने किया।




युवा महोत्सव में बोलते व मौजूद लोग। अमृत विचार

### क्रिकेट में बाबा मंदिर की टीम बनी चैंपियन

अमृत विचार, हरदोई। स्वर्गीय बाबूलाल मोहन मोहनलाल वर्मा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में बाबा मंदिर हरदोई की टीम ने पीसीसी लाइन बालामऊ की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। बाबा मंदिर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए, बाबा मंदिर की टीम ने बालामऊ को 17 रन से हराकर जीत हासिल की। बाबा मंदिर की टीम की ओर से पुन्नू को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार दिए गए। अंपायरिंग डॉ. अरुण मौर्या व डॉ. सचिन सिंह ने की। स्कोरिंग अरविंद सिंह और कमेंट्री राहुल वर्मा ने की। इस मौके पर डॉ. कुश मिश्रा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. जितेंद्र सिंह चौहान मौजूद रहे, विजेता टीम को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश विधान परिषद राजेश सिंह, दीपक मिश्र, स्व. मोहनलाल वर्मा के पौत्र प्रभात वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सदानंद गुप्ता व कॉलेज के प्राचार्य केके सिंह ने ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

6 दैनिक जागरण लखनऊ, 19 दिसंबर, 2022 — हरदोई जागरण

# छात्रों के विकास के लिए शिक्षा संग सांस्कृतिक गतिविधियां जरूरी : डा. अशोक बाजपेई





### अनुशासन में रहने पर ही मिलेगी सफलता

# खोखो में बालिकाएं बनीं चैम्पियन




हरदोई : विजेता टीम को पुरस्कृत करते अधिवक्ता कर्मवीर सिंह व प्राचार्य केके सिंह। फोटो : एसएनबी

**हरदोई (एसएनबी)।** क्रीड़ा मैदान में क्रीड़ा सचिव डा. राकेश कुमार सिंह व उपसचिव डा. राम उग्र गोस्वामी के नेतृत्व में बालक और बालिका वर्ग की खोखो प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय कंडहुना की टीम ने सेंट जेम्स की टीम को 15-4 से हराकर जीत हासिल की।

बालिका वर्ग में सीएसएन पीजी कालेज की टीम और श्रीश चंद्र पब्लिक इंटर कालेज की टीम के मध्य खेला गया। सीएसएन कालेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8-2 अंकों के अन्तर से शानदार जीत दर्ज की। विजयी प्रतिभागियों को खोखो प्रतियोगिता के प्रायोजक वरिष्ठ अधिवक्ता कर्मवीर सिंह चौहान व प्राचार्य ने संयुक्त रूप से ट्राफी, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# भारतीय संस्कृति काव्य केंद्रित : प्रो. तिवारी

- नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा काजल शुक्ला को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



हरदोई : गोष्ठी को सम्बोधित करते प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी।

**हरदोई (एसएनबी)।** शहर के सीएसएन पीजी कालेज में चल रहे युवा महोत्सव में शनिवार को महाविद्यालय सभागार में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति व हिन्दी साहित्य विषयक व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

मुख्य वक्ता हिन्दी विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति त्याग, करुणा, दया, समानता व एकता जैसे मूल्यों पर आधारित है। सम्पूर्ण हिन्दी साहित्य में कबीर, तुलसी, मीरा, रविदास व भारतेंदु का साहित्य इन मूल्यों के संवर्धन व इनको स्वर देने का कार्य करता है। आज महिला, आदिवासी, दलित, किन्नर आदि विभिन्न धाराओं में बंटे हुए सभी लोगों को समवेत रूप से साम्राज्यवादी व पूंजीवादी शक्तियों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ेगा। तभी हम साहित्य के मुख्य उद्देश्य मानवता की प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न कर सकेंगे। विशिष्ट वक्ता के दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति काव्य केंद्रित है। हमारे साहित्य में लेखन से ज्यादा श्रुति परम्परा का योगदान है। समयसमय पर आदिकाल से लेकर मध्यकाल तक विभिन्न कवियों ने मानवीय मूल्यों व चिंतन परम्परा को अपनी कविता के माध्यम से समृद्ध किया है। आधुनिक काल की कविता में हाशिए पर खड़े हुए आदमी के दुख, दर्द, दंश व दलन को कवियों ने आक्रोश की भाषा में स्वर देने का कार्य किया है। अध्यक्षता प्राचार्य डा. केके सिंह व संचालन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डा. दीपक कुमार राय ने की। आभार प्रदर्शन विभाग की अध्यक्ष प्रो. साधना शुक्ला ने किया। विषय प्रवर्तन विभाग के डा. कुश कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो बीडी शुक्ला, प्रो. एसके सिंह, प्रो. उमारानी श्रीवास्तव सहित विभाग के डा. मणिपाल सिंह, डा. श्रवण कुमार गुप्ता, डा. शिवेंद्र सिंह, डा. दीपक कुमार राय सहित सैकड़ों की संख्या में छात्रछात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी काजल शुक्ला को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# हारजीत से ऊपर उठ खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लें : माधवेन्द्र

- वालीबाल में मलिहामऊ व कबड्डी में हापुड़ की टीम विजेता
- सवायजपुर विधायक ने विजेता व उप विजेता टीमों को किया पुरस्कृत



हरदोई : विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी व प्रमाणपत्र प्रदान करते विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू। फोटो : एसएनबी

**हरदोई (एसएनबी)।** सीएसएन पीजी कालेज में चल रहे युवा महोत्सव में शुक्रवार को सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बेस्ट आफ वेस्ट का प्रदर्शन डा. प्रिया शर्मा व डा. सरिता वर्मा के संयोजन में हुआ।

क्रीड़ा सचिव डा. राकेश सिंह व प्रो. राम उग्र गोस्वामी ने बताया कि स्व. ओम प्रकाश सिंह स्मृति कबड्डी व वालीबाल प्रतियोगिता का फाइनल सम्पन्न हुआ। फाइनल मैच के अवसर पर सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू व प्रतियोगिता के प्रायोजक अजय सिंह आदित्य ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। वालीबाल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मलिहामऊ की टीम ने हरदोई की टीम को 21-18 व 21-15 से पराजित कर जीत हासिल की। कबड्डी के पुरुष वर्ग में हापुड़ की टीम ने श्रीराम क्लब हरदोई की टीम को 50-30 अकों से हराकर जीत हासिल की। महिला वर्ग में लखनऊ साईं की टीम ने सीएसएन पीजी कालेज की टीम को 37-20 अंकों से हराकर जीत हासिल की। विजयी प्रतिभागियों को विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, अजय सिंह आदित्य व प्राचार्य प्रो. केके सिंह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। विधायक श्री सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हार जीत की भावना से ऊपर उठकर खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लें। कहा कि खेल से मन व शरीर पूर्णतः दुरुस्त रहता है। कहा कि सबसे बड़ा धन मनुष्य के पास स्वस्थ शरीर है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वह पूरे मनोयोग से खेल खेलें। जिले के बाद प्रदेश और फिर देश स्तर पर खेल कर अपनों का नाम रोशन करें। इस दौरान पुष्पारानी गंगवार, डा. दीपक राय, आशुतोष सिंह, विकास सिंह सवायजपुर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीएसएन टीम ने मारी बाजी

**युवा महोत्सव**



सीएसएन पीजी कालेज में कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी ● जागरण

जासं, हरदोई : सीएसएन पीजी कालेज में चल रहे युवा महोत्सव के छठे दिन गुरुवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीएसएन पीजी कालेज की टीम विजयी रही।

कबड्डी प्रतियोगिता में पहला मैच सीएसएन पीजी कालेज व केंद्रीय विद्यालय की टीम के मध्य खेला गया, जिसमें सीएसएन पीजी कालेज की टीम ने केंद्रीय विद्यालय की टीम को 29-24 से हराया। दूसरा मैच श्रीराम स्पोर्ट्स क्लब व सवायजपुर टीम के बीच हुआ, जिसमें श्रीराम स्पोर्टिंग क्लब ने सवायजपुर की टीम को 27-6 के अंतर से हराया। क्रीड़ा सचिव डा. राकेश सिंह, प्रशिक्षक राम उग्र गोस्वामी व पुनीत सिंह मौजूद रहे। पर्यावरण पर प्रभाव विषयक विचार गोष्ठी में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एआर सिद्दीकी ने कहा कि आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास आवश्यक है। सफल होने के साथ जीवन का सार्थक होना भी जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि हम जल, जंगल व जमीन की भी चिंता करते हुए पूरे विश्व के पर्यावरण को संतुलित व सुंदर बनाने का प्रयास करें।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में बृजमोहन ने बाजी मारी



सीएसएन महाविद्यालय में बैडमिंटन में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

### सीएसएन महाविद्यालय में शुरू हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

हरदोई। सीएसएन पीजी कॉलेज का तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हुई। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बृजमोहन ने बाजी मारी।

महाविद्यालय परिसर में जनपद स्तरीय तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उमेश शुक्ला और महाविद्यालय प्राचार्य डा. कौशलेंद्र सिंह ने मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रोफेसर उमेश शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता व साहस का विकास होता है।

प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। प्राचार्य प्रोफेसर केके सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों के मध्य प्रेम, सहभाव, त्याग का विकास होगा।

बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बृज मोहन पांडे और सुरेश कुमार के मध्य खेला गया। जिसमें बृज मोहन ने सुरेश कुमार को 21-18, 21-15 से पराजित कर जीत हासिल की। कार्यक्रम कैरम, शतरंज, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, दौड़, रस्साकसी, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं होगी।

संचालन क्रीड़ा परिषद के उप सचिव डॉ. आर. यू. गोस्वामी ने किया। डॉ. दीपक कुमार राय, डॉ. कुश कुमार, डॉ. पुष्पा रानी गंगवार, डॉ. मणिपाल सिंह, डॉ. श्रावण कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसकी जांच एसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह को सौंपी गई है।

# खेलकूद से बढ़ता भाईचारा व आपसी सद्भाव: प्रो. अमरेन्द्र

**हरदोई (एसएनबी)।** शुक्रवार को सीएसएन पीजी कालेज में जनपद स्तरीय तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह, लखनऊविश्वविद्यालय के प्रो. उमेश शुक्ला, डा. अमरेंद्र कुमार, डा. प्रवीश प्रकाश एवं कालेज के क्रीड़ा सचिव डा. राकेश सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बृज मोहन पांडे और सुरेश कुमार के मध्य हुआ, जिसमें बृज मोहन ने सुरेश कुमार को 21-18, 21-15 अंकों से पराजित कर जीत हासिल की। कार्यक्रम में प्रो. उमेश शुक्ला ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के भीतर आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता व साहस का विकास होता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. अमरेंद्र कुमार ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। कालेज के प्राचार्य प्रो. केके सिंह ने कहा इस आयोजन के माध्यम से जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों के मध्य प्रेम, सहभाव, त्याग का विकास होगा। कार्यक्रम में कैरम, शतरंज, वालीबाल, कबड्डी, खोखो, दौड़, रस्साकसी, लंबी कूद जैसे खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा परिषद के उप सचिव डा. आरयू गोस्वामी ने किया। इस दौरान कालेज के शिक्षक डा. दीपक कुमार राय, डा. कुश कुमार, डा. पुष्पा रानी गंगवार, डा. मणिपाल सिंह, डा. श्रवण कुमार गुप्ता, डा. अजय कुमार शुक्ला, डा. प्रिया शर्मा, डा. शैवाल कनौजिया, डा. सरिता वर्मा, डा. साधना शुक्ला, डा. गोविंद सिंह, डा. शिवेंद्र सिंह, डा. अमित कुमार, डा. मिथिलेश कुमार सिंह एवं सैकड़ों छात्र रहे।

# वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्रों के बीच सामंजस्य जरूरी




कार्यक्रम में बोलती छात्रा साध्वी गुप्ता। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हरदोई।** सीएसएन महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इसमें वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्रों में सामंजस्य बनाने पर जोर दिया गया।

महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर किया। प्राचार्य ने कहा कि छात्र-छात्राओं के स्वागत और आपसी परिचय का यह कार्यक्रम उनके बीच सहजता कायम करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर कठिनाई, संघर्ष में आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया।

सहायक प्रोफेसर डा. अखिलेश कुमार ने कहा कि राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों को एक-दूसरे से सीखकर, आपसी संवाद को बढ़ावा देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगना चाहिए। सामूहिक चर्चा का वातावरण विभाग में स्थापित करने के लिए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ छात्र-छात्राओं का एक-दूसरे के साथ अनौपचारिक रूप से संपर्क आवश्यक है।

विभागाध्यक्ष डा. मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वागत और परिचय कार्यक्रम विभाग में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम का संचालन परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की छात्रा साध्वी गुप्ता एवं धीरेंद्र सिंह ने किया। यहां वर्षा गुप्ता, यामिनी वर्मा, आकांक्षा, सुभाषिनी, शैलेश रावत, नैमिष गुप्ता, साक्षी सिंह मौजूद रहीं।




सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालते सीएसएन पीजी कॉलेज के एनसीसी छात्र। संवाद

# सड़क सुरक्षा के लिए निकाली रैली

हरदोई। सीएसएन पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर लखनऊ चुंगी, आवास विकास कालोनी एवं सरकुलर रोड होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची। यहां एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अमित कुमार एवं एनएसएस प्रभारी जितेंद्र सिंह चौहान ने रैली की अगुवाई की।

कैडेट्स व स्वयं सेवकों ने नारे लगाए कि जन का यह नारा है, सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाना है, हेलमेट पहनना है जरूरी, तभी रहेगी सुरक्षा पूरी, वाहन धीमा चलाएं, अपना अमूल्य जीवन बचाएं।

जागरूकता रैली में महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डा. पुष्पारानी गंगवार, कुश कुमार, आरएल वर्मा, माया प्रकाश, आशुतोष शुक्ला, विकास वर्मा, आंचल शुक्ला, प्रतिमा तिवारी ने योगदान

## शिक्षकों की नजर में बजट



सीएसएन कॉलेज के हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर व टैक्स के जानकार **दीपक राय** ने बजट को मिला जुला बताया। कहा कि अपेक्षाएं ज्यादा छूट की थी मगर सरकार ने चलों कुछ तो पहल की। टैक्स स्लैब में बदलाव से कुछ राहत मिलेगी। सभी अपेक्षाएं पूरी होना संभव नहीं है।



सीएसएन कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफेसर **डा. गोविंद सिंह** ने बजट को मांग आधारित बताया। कहा कि उदारवादी रवैये के बीच सरकार ने मांग बढ़ाकर राजस्व बढ़ाने का प्रयास किया है। बजट समाज के सभी वर्गों के हित के लिए है।



## आर्थिक विकास पर रहेगा जोर

सीएसएन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शिवेंद्र सिंह ने बताया कि यह बजट वर्तमान सरकार का आखिरी पूर्ण बजट है। इस बजट से लोगों को खास उम्मीद है। इस बजट में सरकार कई राहत भरी घोषणाएं कर सकती है। सरकार की प्राथमिकता में आर्थिक विकास प्रथम सोपान पर है। इसलिए सरकार निवेश और आधारभूत संरचना पर विशेष जोर देने का प्रयास करेगी। बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के विकास पर बल देने की संभावना है। ताकि विनिर्माण क्षेत्र का विकास एवं अत्यधिक रोजगार सृजित हो सके।

ता को आस, बजट से मिलेगा खास

# 'परिश्रम, त्याग व सेवा भाव से रोशन करें नाम'

**समाज शास्त्र विभाग में स्वागत समारोह आयोजित**

**हरदोई(एसएनबी)।** शहर के सीएसएन कालेज के सभागार में एमए तृतीय सेमेस्टर समाजशास्त्र विभाग के छात्र छात्राओं ने एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्रछात्राओं के लिए स्वागत समारोह फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। समारोह का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य प्रो. केके सिंह, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. विनय शील व विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. सरिता वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया।


प्राचार्य प्रो. सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमें से छात्रछात्राओं में आपसी सहयोग, भाईचारा व भावनात्मक लगाव पैदा होता है जिससे उनमें मानवीय मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह आशा व्यक्त की कि भविष्य में विभाग के बच्चे अपने परिश्रम, त्याग व सेवा भाव से अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. वर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक बाजारवादी समाज में बच्चों के अंदर से नैतिक मूल्यों व संस्कार का भाव विलुप्त होता जा रहा है। वर्तमान दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हमें आधुनिक पीढ़ी के अंदर त्याग, प्रेम, सहकार व विश्व बंधुत्व की भावना को पैदा करना होगा, इसी से देश व समाज मजबूत होगा। समारोह का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रूपाली शुक्ला व प्रांजलि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सरस्वती वंदना कुमारी पलक व स्वागत गीत साधना ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एमए तृतीय सेमेस्टर की अंशु पाल, सुहानी, संगम, चांदनी मिश्रा, रेनू, नीतू, शिल्पा, चांदनी वर्मा, शालिनी व एमए प्रथम सेमेस्टर की दिव्यांशी, प्रियांशी, पारुल, श्रद्धा, पलक, सुनहरी, प्रतिमा, तंजिला, सायमा, ज्योति, अंजली, पूजा, सोहिनी, निशंक, आशीष, अभय, नितेश व सुमित पाल ने गीत, गजल, हास्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यहां पर कालेज की मुख्य नियंता प्रोफेसर पुष्पा रानी गंगवार, हिंदी की विभागाध्यक्ष प्रो. साधना शुक्ला, डा. दीपक कुमार राय, अर्थशास्त्र के डा. शिवेंद्र सिंह, संस्कृत के डा. किशोरीलाल, डा. गोविंद सिंह, डा. अरुण मौर्या, डा. दीपक राय, डा. अंकित पाठक, डा. मणिपाल सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# एमए प्रथम सेमेस्टर के 25 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**जासं हरदोई :** सीएसएन महाविद्यालय में एमए की मिड टर्म व बीए की प्रजेंटेशन परीक्षा संपन्न हुई। एमए प्रथम सेमेस्टर की हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, अर्थशास्त्र सभी छह विषयों की मिड टर्म परीक्षाएं हुईं। 233 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 208 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। 25 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बीए तृतीय सेमेस्टर के ग्यारह विषयों की प्रस्तुतिकरण परीक्षा हुई। तृतीय सेमेस्टर में कुल पंजीकृत 462 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 400 छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतिकरण दिया एवं विषय का असाइनमेंट जमा किया।

लखनऊ
शनिवार
14 जनवरी 2023
02

शहर 30s



शुक्रवार को कॉलेज में परीक्षा देती छात्राएं।

# मिड टर्म और प्रजेंटेशन की हुई परीक्षाएं

हरदोई। सीएसएन महाविद्यालय में परास्नातक की मिड टर्म व बीए की प्रजेंटेशन की परीक्षाएं हुई। शुक्रवार को परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, अर्थशास्त्र सभी छह विषयों की मिड टर्म परीक्षा में पंजीकृत 233 विद्यार्थियों में 208 उपस्थित हुए 25 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। बीए तृतीय सेमेस्टर के निर्धारित 11 विषयों की प्रस्तुतिकरण परीक्षा हुई एवं असाइनमेंट जमा किए गए। तृतीय सेमेस्टर में कुल पंजीकृत 462 परीक्षार्थियों में 400 छात्र–छात्राओ ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया।

# हरदोई के 'मालवीय' कहे जाने वाले मोहन लाल वर्मा की मनाई गई जयंती

## कालेज के प्राचार्य ने कहा बहुआयामी था उनका व्यक्तित्व

**मोहम्मद खालिद/ ब्यूरोचीफ**

हरदोई ( दबंग इंडिया न्यूज़ ) । सीएसएन पीजी कालेज के संस्थापक व प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू मोहन लाल वर्मा की पुण्यतिथि महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। सबसे पहले वहां स्थापित उनकी प्रतिमा पर कालेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर केके सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर अखिलेश चंद्र बाजपेई, बाबूजी के प्रपौत्र प्रभात वर्मा, एडवोकेट सुरेश वर्मा, एडवोकेट राम प्रताप यादव, रामकिशन वर्मा, अतुल मिश्रा, प्रोफेसर पुष्पा रानी गंगवार, प्रोफेसर साधना शुक्ला आदि ने माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस दौरान आयोजित स्मरण गोष्ठी का आयोजन किया गया, कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर के के सिंह ने बाबू मोहन लाल वर्मा को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया, उन्होंने कहा कि बाबूजी ने आजादी की लड़ाई में ब्रिटानिया हुकूमत के खिलाफ ज़ोर शोर से अपनी आवाज़ उठाई व देश को आज़ाद कराने के साथ ही उन्होंने हरदोई जैसे पिछड़े ज़िले में अनेक शैक्षिक व सामाजिक संस्थाओं को खोलकर जनपद के बहुमुखी विकास व उन्नति में अपना योगदान दिया। प्रो. अखिलेश बाजपेई ने कहा कि बाबूजी हरदोई के मालवीय थे, उन्होंने ज़िले के शैक्षणिक उत्थान के लिए सीएसएन पीजी कालेज व अनेक शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की। बाबूजी के प्रपौत्र व जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात वर्मा ने कहा कि बाबूजी सादगी, ईमानदारी, त्याग व समर्पण के प्रतिमान थे। उनके विचारों को अंगीकार करना व उनके बताए हुए रास्ते पर चलना ही आज के पुण्य दिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डा. जेएस चौहान, डा. अरुण कुमार मौर्या, डॉ दीपक राय, राकेश सिंह, डॉ शिवेंद्र सिंह, डा. अंकित पाठक, कुश कुमार, मणिपाल सिंह, श्रवण गुप्ता, मिथिलेश सिंह, गोविंद सिंह, सचिन सिंह, डा. किशोरीलाल, आरएल वर्मा, रागिनी सिंह, आशुतोष सिंह, विवेक व अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा देने में छूट रहा पसीना

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हरदोई।** सीएसएन महाविद्यालय में मंगलवार को एमए तृतीय सेमेस्टर की हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, अर्थशास्त्र विषयों की लिखित परीक्षाएं हुईं। वहीं बीए प्रथम सेमेस्टर के 11 विषयों की मौखिक परीक्षाएं हुईं। कई विषयों की लिखित व मौखिक परीक्षा में सर्दी में विद्यार्थियों को पसीने छूटे।

महाविद्यालय में तीन दिन से एमए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही थी। मंगलवार को अंतिम दिन छह विषयों की लिखित परीक्षा हुई। वहीं बीए प्रथम सेमेस्टर के 11 विषयों की मौखिक परीक्षा में पंजीकृत 660 परीक्षार्थियों में 560 शामिल हुए। छात्र-छात्राओं ने प्रोफेसरों के सवालों के जवाब दिए और संबंधित विषय का असाइनमेंट जमा किया।



सीएसएन डिग्री कॉलेज में परीक्षा देते परीक्षार्थी। संवाद

परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की मध्यावधि परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। इसमें हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, अर्थशास्त्र के विद्यार्थी शामिल होंगे।

DEPARTMENT OF TOURISM
GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH

# बाबू मोहन लाल वर्मा का व्यक्तित्व बहुआयामी : प्रो. सिंह



हरदोई : स्व. बाबू मोहन लाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्राचार्य डा. केके सिंह।

**हरदोई (एसएनबी)।** सोमवार को सीएसएन पीजी कालेज के संस्थापक व प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू मोहन लाल वर्मा की पुण्यतिथि महाविद्यालय परिसर में मनायी गयी। सर्वप्रथम परिसर में स्थापित बाबू मोहन लाल वर्मा की प्रतिमा पर प्राचार्य प्रो. केके सिंह, सेवानिवृत्त प्रो. अखिलेश चंद्र बाजपेई, बाबूजी के प्रपौत्र प्रभात वर्मा, एडवोकेट सुरेश वर्मा, राम प्रताप यादव, रामकिशन वर्मा, अतुल मिश्रा, प्रो. पुष्पारानी गंगवार, प्रो. साधना शुक्ला आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

प्राचार्य प्रो. सिंह ने बाबूजी को बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने आजादी की लड़ाई में ब्रिटानिया हुकूमत के खिलाफ जोर शोर से अपनी आवाज उठाई व देश को आजाद कराने के साथ ही उन्होंने हरदोई जैसे पिछड़े जिले में अनेक शैक्षिक व सामाजिक संस्थाओं को खोलकर जिले के बहुमुखी विकास व उन्नति में अपना योगदान दिया। प्रो. बाजपेई ने कहा कि बाबूजी जिले के मालवीय थे। उन्होंने जिले के शैक्षणिक उत्थान के लिए सीएसएन पीजी कालेज व अनेक शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की। बाबूजी के प्रपौत्र व जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि बाबूजी सादगी, ईमानदारी, त्याग व समर्पण के प्रतिमान थे। उनके विचारों को अंगीकार करना व उनके बताए हुए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डा. जेएस चौहान, डा. अरुण कुमार मौर्या, डा. दीपक राय, राकेश सिंह, डा. शिवेंद्र सिंह, डा. अंकित पाठक, कुश कुमार, मणिपाल सिंह, श्रवण गुप्ता, मिथिलेश सिंह, गोविंद सिंह, सचिन सिंह, डा. किशोरीलाल, आरएल वर्मा, रागिनी सिंह, आशुतोष सिंह, विवेक, अरविंद सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएसएन में होगी बीबीए–बीकाम की पढ़ाई

**जागरण संवाददाता, हरदोई :** जिले के छात्र–छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। अब छात्र–छात्राओं को बीबीए (बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) की पढ़ाई के लिए गैर जनपद नहीं जाना होगा। शहर के सीएसएन पीजी कालेज में आगामी शैक्षिक सत्र से बीबीए के अलावा बीकाम (बैचलर आफ कामर्स) की पढ़ाई शुरू होगी। ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी अर्द्धसरकारी महाविद्यालय में बीबीए की शिक्षा दी जाएगी।

जिले में सरकारी विद्यालयों में महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (जीडीसी) हरदोई व पिहानी एवं सीएसएन पीजी कालेज हरदोई शामिल है, जबकि 160 से अधिक निजी महाविद्यालय संचालित हैं। इसके अलावा राजकीय कृषि महाविद्यालय बिलग्राम चुंगी पर बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक कक्षाएं संचालित नहीं हो पाई है। जीडीसी हरदोई में बीएससी, बीकाम, एमकाम, जीडीसी पिहानी में बीएससी, बीए सीएसएन पीजी कालेज में बीए व एमए की कक्षाएं संचालित है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रत्येक महाविद्यालय में दो संकाय होना अनिवार्य किया गया है, इसके चलते सीएसएन पीजी



सीएसएन पीजी कालेज ● जागरण

कालेज में बीबीए व बीकाम की कक्षाएं पहली बार संचालित होगी। प्राचार्य कौशलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में बीए और एमए में 2,740 सीटों के सापेक्ष 2,360 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। आगामी शैक्षिक सत्र से बीबीए और बीकाम की कक्षाएं संचालित करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव की मंजूरी के बाद इसी शैक्षिक सत्र से दोनों संकायों की कक्षाओं में छात्र–छात्राओं के प्रवेश व कक्षाओं के संचालन की उम्मीद है। बताया कि उनकी प्राथमिकता छात्र–छात्राओं को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिया जाना है।

# भारतीय आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के प्रतिनिधि पुरुष थे विवेकानंद : प्राचार्य

**मोहम्मद खालिद/ ब्यूरोचीफ**

हरदोई ( दबंग इंडिया न्यूज़ )। सीएसएन पीजी कॉलेज में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र कुमार सिंह और कॉलेज की चीफ प्रॉक्टर प्रो. पुष्पा रानी गंगवार ने द्वीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की। प्राचार्य प्रो. केके सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय आध्यात्मिक राष्ट्रवाद के प्रतिनिधि पुरुष थे। उन्होंने भारत के धर्म और दर्शन की वह झलक दुनिया के सामने प्रस्तुत की जो सर्वसमावेशी, वेदांत दर्शन पर आधारित थी, जिसका ध्येय दरिद्र नारायण की सेवा था। स्वामी विवेकानंद भारतीय राष्ट्रवाद को जमीनी स्तर पर ले जाने की कोशिश करते हैं, वे सभी जातियों के धर्मशास्त्रों के अध्ययन पर अधिकार को स्वीकार करते हैं।

हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ दीपक कुमार राय ने कहा कि विवेकानंद ने कहा था कि सभी धर्मों का मूल मंत्र एक ही था वह है मानव धर्म। सभी मनुष्य समान हैं कि भावना विवेकानंद के विचारों का मूल था। गोष्ठी में राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकित पाठक ने कहा कि विवेकानंद ने उपनिवेशवाद के दौरान यूरोप समेत पूरी पश्चिमी दुनिया को भारतीय धर्म दर्शन की गहराई से रूबरू कराया था, उन्होंने उस पश्चिमी जगत को भाइयों एवं बहनों से संबोधित किया था जो पूरी दुनिया को असभ्य मानती थी। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में पश्चिमी दुनिया को वह आईना दिखाया था जिसमें इंग्लैंड और अमेरिकियों को अपनी धार्मिक एकरूपीकरण की नीति पर अपराधबोध हुआ। विचार गोष्ठी के संयोजक अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिवेंद्र सिंह ने कहा कि विवेकानंद युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं। वर्तमान में युवाओं को विवेकानंद के नारे %उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुको% से प्रेरणा लेने की जरूरत है। युवा अध्ययन के जरिए वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं, जो उन्हें तो ऊंचाई पर ले ही जाएगा बल्कि देश को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा। देश युवाओं के बल पर ही विकास की राह पर चलकर विकसित देशों से कदमताल कर सकता है। विचार में गोष्ठी में कॉलेज के दर्जनों छात्र - छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. वीरपाल सिंह, डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. मणिपाल सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह चौहान, डॉ. साधना शुक्ला, डॉ. कुश कुमार मिश्रा, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. विनय शील, डॉ. सचिन सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, डॉ. सरिता वर्मा, आर एल वर्मा, रागिनी सिंह, आशुतोष कुमार सिंह और मायप्रकाश समेत सैकड़ों छात्र - छात्राएं भी उपस्थित रहे।

::: समाप्त ::